# राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांक—:प.1(1)कार्मिक / सीधी भर्ती / 2024 / 1255 दिनांक :— 13.08.2024

## विज्ञप्ति

राजस्थान आवासन मण्डल की सीधी भर्ती—2023 के अन्तर्गत जारी विज्ञापन क्रमांक 795 दिनांक 12.07.2023 के क्रम में आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा उपरान्त विचारण सूची का प्रकाशन rhbexam.in पर कर दिया गया हैं जिसे अभ्यर्थी उक्त वेबसाईट पर देख सकते हैं। जिसके विस्तृत दिशा—निर्देश उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

विचारण सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त वेबपोर्टल rhbexam.in पर उपलब्ध दस्तावेज सत्यापन के विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार संबंधित अभ्यंर्थी दिनांक 21—22 अगस्त 2024 को निर्धारित समय पर सभी सुसंगत मूल एवं स्वप्रमाणित दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर—5, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर पर व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। किसी अभ्यर्थी द्वारा उक्तानुसार उपस्थित नहीं होने पर ऐसे अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया से बाहर माना जायेगा।

(डॉ. अनिल कुमार)
सचिव

D/'Rajkumar Bharti Ganehs ji Check LIst Dastvej Satypan 08, 09, 2024

# राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

**:: सीधी भर्ती हेतु दिनांक 13.08.2024 को जारी विचारण सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश ::**

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत विभिन्न पदों के लिए आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा के उपरान्त विचारण सूची के अभ्यर्थियों की उनके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर उनके द्वारा आवेदित श्रेणी में पात्रता की जाँच हेतु पदवार अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया गया है। इस सूची में नाम शामिल होने मात्र से कोई अभ्यर्थी चयन/नियुक्ति का अधिकारी नहीं होगा। तत्समय राज्य सरकार के प्रभावी नियम एवं राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी (भर्ती एवं पदोन्नति) विनियम 2010 तथा मण्डल के दिशा–निर्देशों के अनुसार नियुक्ति के योग्य पाए जाने पर ही अभ्यर्थी के नाम पर अन्तिम चयन हेतु विचार किया जायेगा।

अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन संबंधित कार्य **सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर–5, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर** में आयोजित किया जायेगा।

किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पद पर सूचीबद्ध होने पर उसकी प्रार्थना पर उसका एक ही दिन में दस्तावेज सत्यापन करवाया जा सकेगा। यदि अभ्यर्थी एक पद हेतु पात्रता जाँच कराता है व अन्य पद/पदों हेतु पात्रता जाँच नहीं करवाता है तो अन्तिम चयन के समय केवल उस पद हेतु विचार किया जायेगा जिस पद हेतु पात्रता जाँच करवायी गई है।

दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेख किए गए दस्तावेजों की जाँच के लिए सलग्न चैक लिस्ट के अनुसार निर्धारित क्रमानुसार व्यवस्थित कर समस्त मूल दस्तावेज सत्यापन दल के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही दस्तावेजों का एक स्व–प्रमाणित छायाप्रति सैट भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। **मूल दस्तावेजों के अभाव में किसी अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा। साथ ही ऐसे अभ्यर्थियो की** अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जायेगा।

निर्धारित दिनांक व स्थान पर दस्तावेज सत्यापन हेतु व्यक्तिगत रुप से उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया से बाहर माना जाकर उसकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जायेगा।

यदि कोई अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु अपूर्ण/अधुरे दस्तावेजों सहित निर्धारित दिनांक को उपस्थित होता है तो उसे दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल नही किया जायेगा।

अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिये किसी भी प्रकार का किराया/यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

निम्न पदों के लिये पात्रता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया जाता हैं :–

| क्र.स. | दिनांक | समय | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 21.08.2024 | 09:30 बजे से 01:30 बजे तक | परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) सिविल डिग्री<br>कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर)<br>कनिष्ठ प्रारुपकार |
| | | 02:00 बजे से 06 बजे तक | परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) सिविल डिप्लोमा<br>परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) सिविल (विद्युत) |
| 2 | 22.08.2024 | 09:30 बजे से 01:30 बजे तक | वरिष्ठ प्रारुपकार<br>विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी)<br>कनिष्ठ लेखाकार |
| | | 02:00 बजे से 06 बजे तक | कनिष्ठ सहायक<br>डाटा एन्ट्री ऑपरेटर |

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे संलग्न चैक लिस्ट के अनुसार अपने मूल एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति दस्तावेजों के साथ उपरोक्त स्थान पर सत्यापन कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

संलग्न :– चैक लिस्ट।

(डॉ. अनिल कुमार)
सचिव

D/'Rajkumar Bharti Ganehs ji Check LIst Dastvej Satypan 12, 08, 2024

चैक लिस्ट

# राजस्थान आवासन मण्डल सीधी भर्ती–2023

## दस्तावेज सत्यापन

| अभ्यर्थी की नवीनतम कलर फोटो |
|---|
| |

पदनाम.........................................................

| | |
|---|---|
| अभ्यर्थी का नाम | |
| अभ्यर्थी के रोल नम्बर | |
| पिता / पति का नाम | |
| माता का नाम | |
| गृह जिला | |
| जन्म तिथि | |
| लिंग | |
| अभ्यर्थी का आधार क्रमांक | |
| जमा आवेदन शुल्क राशि | |
| आवेदित वर्ग / श्रेणी | अनारक्षित ☐ अनुसूचित जाति ☐<br>अनुसूचित जनजाति ☐ पिछडा वर्ग ☐<br>अति पिछडा वर्ग ☐ आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग ☐<br>(जो श्रेणी हो टिक करें) |
| आवेदित विशेष श्रेणी | विधवा ☐ परित्यक्ता ☐ उत्कृष्ट खिलाडी ☐<br>भूतपूर्व सैनिक ☐ दिव्यांग ☐<br>(जो विशेष श्रेणी हो टिक करें) |

**कार्यालय उपयोग हेतु**

| आवेदित श्रेणी / विशेष श्रेणी | दस्तावेज सत्यापन के आधार पर श्रेणी / विशेष श्रेणी | टेबल इंचार्ज टिप्पणी |
|---|---|---|
| | | |

D/Rajkumar Bharti Ganehs ji Check LIst Dastvej Satypan 12, 08, 2024

| क्र. सं. | दस्तावेज / प्रमाण पत्र | अभ्यर्थी के उपयोगार्थ | | सत्यापन दल के उपयोगार्थ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | दस्तावेज / प्रमाण पत्र | संलग्नक संख्या | संलग्नक स्वप्रमाणित (हाँ / नही) | मूल दस्तावेज से मिलान में सही पाया गया (हां / नही) | यदि नही तो मूल दस्तावेज व ऑनलाईन आवेदन में भरी गई सूचना में अन्तर होने तथा अन्य विवरण | लघु हस्ताक्षर |
| 1 | आधार कार्ड | | | | | |
| 2 | माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका / प्रमाण पत्र | | | | | |
| 3 | उच्च माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका / प्रमाण पत्र | | | | | |
| 4 | स्नातक / समकक्ष परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकतालिका / डिग्री | | | | | |
| 5 | संबंधित पद हेतु निर्धारित योग्यता का प्रमाण पत्र / डिग्री | | | | | |
| 6 | मूल निवास प्रमाण पत्र | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जारी प्रमाण पत्र | | | | | |
| 8 | जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अति पिछडा वर्ग) | | | | | |
| 9 | जाति प्रमाण पत्र<br>पिछडा वर्ग हेतु<br>वित्तीय वर्ष 2023–24 के प्रथम तिमाही में वैध प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र यदि लागू हो। | | | | | |
| 10 | विधवा की स्थिति में स्वयं की घोषणा एवं पति की मृत्यु के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति, पति से लिंक दस्तावेज /साक्ष्य की प्रति व आवेदन दिनांक पुनर्विवाह नही करने संबंधी स्वघोषणा। | | | | | |
| 11 | विवाह विच्छेद / परित्यक्ता(तलाकशुदा) पर सक्षम स्तर से जारी विवाह विच्छेद की डिक्री की प्रमाणित प्रति व आज दिनांक तक पुनर्विवाह नही करने संबंधी स्वघोषणा | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | सन्तान संबंधी स्वघोषणा | | | | | |
| 13 | भूतपूर्व सैनिक होने पर सेवानिवृति/ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र | | | | | |
| 14 | भूतपर्व सैनिक श्रेणी में पूर्व में राजकीय नियोजन प्राप्त नही होने के संबंध में स्व घोषणा | | | | | |
| 15 | उत्कृष्ट खिलाडी होने पर नियमानुसार सक्षम स्तर पर जारी खेल प्रमाण पत्र | | | | | |
| 16 | दिव्यांग श्रेणी हेतु समुचित सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं राजस्थान दिव्यांगजन नियम– 2018 के अनुसार मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता का प्रमाण पत्र जो एक वर्ष से अधिक पुराना ना हो। | | | | | |

## अभ्यर्थी के द्वारा स्व सत्यापन

मैं.....................................पुत्र/पुत्री/पत्नी/पति श्री .....................उम्र............जाति.......... निवासी..................................................................................व्यवसाय.........................................
सत्यापन करता/करती हूँ कि उक्तानुसार प्रस्तुत समस्त दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैंने कोई भी तथ्य छुपाया नही गया है। उक्त तथ्यों में किसी प्रकार की भिन्नता के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी एवं विभाग नियमानुसार मेरे विरूद्व कार्यवाही कर सकेगा।

नोट :– 1. दस्तावेज सत्यापन के दौरान मोबाईल फोन लाना वर्जित हैं।
2. समस्त दस्तावेज चैक लिस्ट के साथ संलग्न करें। जो दस्तावेज लागू नही है उसके आगे के स्तम्भ में लागू नही अंकित करें।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम :

पताः